समाचार

# 27 जुलाई को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 26 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 27 जुलाई मंगलवार को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 जुलाई मंगलवार को वार्ड क्र. 02 गेरवाघाट गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 14 मैगजीनभांठा सामुदायिक मंच दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 21 कांशीनगर आंगनबाड़ी के पास गांधी पुतला, वार्ड क्र. 37 दैहानपारा सामुदायिक भवन शिव मंदिर, वार्ड क्र. 42 न्यू शांतिनगर स्टेज, वार्ड क्र. 52 नगोईखार राकेश वीडियो गली, वार्ड क्र. 57 प्रेमनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 65 बांकी नम्बर–2 बस्ती सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1478 शिविरों के माध्यम से 75419 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।